# 100 अरब डॉलर का आएगा निवेश

## प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्डिक देशों के प्रधानमंत्रियों से मुलाकात, रक्षा क्षेत्र में 100% एफडीआई पर बात

अर्चिस मोहन

भारत में नॉर्डिक देशों (नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, स्वीडन और आइसलैंड) ने अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर निवेश करने का संकल्प जताया है। मंगलवार को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में भारत और नॉर्डिक देशों ने आठ प्रमुख परिणामों की घोषणा की। इस दौरान भारत ने नॉर्डिक देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा औद्योगिक गलियारों में 100 फीसदी एफडीआई की पेशकश की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे, डेनमार्क, फिनलैंड, स्वीडन और आइसलैंड के प्रधानमंत्रियों के साथ इस सम्मेलन में भाग लिया। 2024 में भारत और नॉर्डिक देशों का व्यापार 19 अरब डॉलर रहा। दोनों पक्षों ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते और भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार एवं आर्थिक साझेदारी समझौते का लाभ उठाकर अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर निवेश करने और 10 लाख नौकरियां सृजित करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत-नॉर्डिक द्विपक्षीय व्यापार चार गुना बढ़ा है और नॉर्डिक देशों से भारत में निवेश 200 फीसदी बढ़ा है, जिससे हजारों नौकरियां तैयार हुई हैं। भारत और नॉर्डिक देशों ने हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार में रणनीतिक साझेदारी पर भी हस्ताक्षर किए ताकि स्वच्छ और हरित बदलाव, व्यापार एवं निवेश और ब्लू इकनॉमी यानी समुद्री अर्थव्यवस्था में सहयोग को गहरा किया जा सके। मोदी ने कहा, 'लोकतंत्र, कानून का शासन और बहुपक्षवाद के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता हमें स्वाभाविक साझेदार बनाती है।' इन देशों के प्रधानमंत्रियों ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा की और वैश्विक तनाव एवं संघर्ष के इस दौर में मिलकर काम करने का संकल्प लिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नार्डिक देशों के प्रधानमंत्री

मोदी ने कहा कि हरित प्रौद्योगिकी साझेदारी भारत-आइसलैंड सहयोग को भूतापीय ऊर्जा और मत्स्य पालन में आगे बढ़ाएगी। स्वीडन की उन्नत विनिर्माण और रक्षा तकनीक, फिनलैंड की दूरसंचार और डिजिटल तकनीक, डेनमार्क की साइबर सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं भारत की प्रतिभा के साथ मिलकर दुनिया के लिए भरोसेमंद समाधान विकसित करेंगी।

आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रुन फ्रॉस्टाडॉटिर ने कहा कि इस समय लोगों को अधिक 'संबंध' की आवश्यकता है। मोदी ने बताया कि 'संबंध' शब्द का अर्थ नॉर्डिक और भारतीय भाषाओं में समान है- कनेक्शन, रिश्ते और बंधन।

भारत और नॉर्डिक देशों ने एसटीईएम क्षेत्रों और संचार प्रौद्योगिकी, जिसमें 6जी भी शामिल है, में अनुसंधान परियोजनाओं को मजबूत करने का निर्णय लिया।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि क्या नॉर्वे ने अडाणी समूह को पेंशन फंड की ब्लैकलिस्ट से हटाने के उनके व्यक्तिगत अनुरोध को मान लिया है? सोशल मीडिया पर पोस्ट में गांधी ने कहा कि नॉर्वे के सॉवरेन वेल्थ फंड ने फरवरी में अडाणी ग्रीन को अपने पोर्टफोलियो से हटा दिया था। उन्होंने इस मामले से जुड़ी 27 फरवरी की खबरों की तस्वीरें भी साझा कीं। इस साल फरवरी में 1.2 लाख करोड़ डॉलर के दुनिया के सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड ने अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को कथित वित्तीय अपराधों से जुड़े होने की चिंताओं के कारण अपने पोर्टफोलियो से बाहर कर दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी की नॉर्वे यात्रा शुरू होने से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मोदी की नॉर्वे यात्रा से द्विपक्षीय व्यापार बढ़ेगा और नॉर्वे के सरकारी पेंशन फंड द्वारा भारतीय शेयर बाजार में करीब 28 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा।

विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने तीन दिनों में दूसरी बार मानवाधिकारों के उल्लंघन के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि देश में संवैधानिक मूल्यों- न्याय, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर दिया जाता है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम), सिबी जॉर्ज ने नॉर्वे की पत्रकार हेले लिंग स्वेंडसेन के सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। स्वेंडसेन ने पूछा था कि मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन को देखते हुए भारत पर भरोसा क्यों किया जाए। इससे पहले, स्वेंडसेन ने प्रधानमंत्री मोदी और नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर द्वारा मीडिया को बयान देने के बाद उनसे सवाल पूछने का असफल प्रयास किया था जबकि मीडिया को पहले ही सूचित कर दिया गया था कि दोनों नेता संयुक्त बातचीत में सवालों के जवाब नहीं देंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारी को शनिवार शाम को हेग में दो डच पत्रकारों से भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता में कथित गिरावट पर इसी तरह के सवालों का सामना करना पड़ा था।

पीएम मोदी ने मंगलवार को ओस्लो में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन से पहले आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। इससे पहले दिन में ओस्लो में नॉर्वे-इंडिया बिजनेस ऐंड रिसर्च समिट में प्रधानमंत्री ने कहा कि ईएफटीए देशों ने अगले पंद्रह वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर निवेश करने और 10 लाख नौकरियां पैदा करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के जहाज निर्माण क्षेत्र में नॉर्वे से और अधिक निवेश करने का अनुरोध किया।

# खतरनाक कुत्तों को मारने पर हो विचार: शीर्ष न्यायालय

आशिष आर्यन



सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि रैबीज के शिकार, बीमार और खतरनाक हो चुके आवारा कुत्तों को अधिकारियों द्वारा मारा जा सकता है ताकि इंसानों को उनसे होने वाले संभावित खतरों से बचाया जा सके। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एन.वी. अंजरिया के पीठ ने कहा कि नगर निकाय उन क्षेत्रों में ऐसे कुत्तों को मार सकते हैं जहां उनकी संख्या चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई है और जहां लगातार कुत्तों के काटने या आक्रामक हमले सार्वजनिक सुरक्षा के लिए स्थायी खतरा बने हुए हैं। पीठ ने कहा कि इन कुत्तों को मारने का निर्णय पशु चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा व्यापक मूल्यांकन के बाद और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960, पशु जन्म नियंत्रण नियम, 2023 तथा अन्य लागू वैधानिक प्रोटोकॉल के अनुसार ही लिया जाना चाहिए।

पिछले वर्ष जुलाई में सर्वोच्च न्यायालय ने मीडिया रिपोर्टों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। उन मीडिया रिपोर्ट में बच्चों में रैबीज जैसी बीमारियों का कारण बने आवारा कुत्तों के काटने की घटनाओं का उल्लेख था। बाद में अगस्त में सर्वोच्च न्यायालय ने कई निर्देश जारी किए जिनमें दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम से सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर निर्दिष्ट डॉग शेल्टर्स में स्थानांतरित करने का आदेश शामिल था। स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए उस समय मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और आर. महादेवन ने कहा था कि कोई भी व्यक्ति या संगठन जो इन आवारा कुत्तों को उठाने की प्रक्रिया में बाधा डालेगा उसे न्यायालय की अवमानना का दोषी माना जाएगा।

मंगलवार को तीन-न्यायाधीशों के पीठ ने अगस्त 2025 के आदेश को वापस लेने की सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया और कहा कि गरिमा के साथ जीने का अधिकार इस बात को भी समाहित करता है कि मनुष्य बिना कुत्तों के काटने के हमलों के खतरे के स्वतंत्र रूप से घूम सके। पीठ ने कहा, 'न्यायालय कठोर वास्तविकताओं से आंख मूंदकर नहीं रह सकता जहां बच्चे, अंतरराष्ट्रीय यात्री और बुजुर्ग लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं के शिकार हुए हैं।'

देशभर में कुत्तों के काटने के मामलों में 2022 से 2024 के बीच लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 2024 में कुल 37 लाख कुत्तों के काटने की घटनाएं रिपोर्ट हुईं, जिनमें रैबीज से मानव मृत्यु के 54 संदिग्ध मामले शामिल थे। ये आंकड़े स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलांस प्रोग्राम (आईएसडीपी) के डेटा पर आधारित हैं।

## केजरीवाल को नोटिस

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को आप के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज और अन्य से न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर 'अपमानजनक' पोस्ट करने के आरोप में शुरू किए गए आपराधिक अवमानना मामले में उनका पक्ष जानना चाहा। अदालत ने नोटिस जारी किया और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया। भाषा

पंजाब एण्ड सिंध बैंक Punjab & Sind Bank | न्यू आगरा शाखा

सूचना आम दिनांक 19.05.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा प्लॉट संख्या 12 का जुज भाग स्थित पुरानी विजय नगर कॉलोनी हरि पर्वत वार्ड आगरा को बंधक रख वर्तमान स्वामिनी श्रीमती सुरभि अग्रवाल पत्नी श्री हिमांशु अग्रवाल को ऋण प्रदान किया जाना है, इस संपत्ति की एक लिंक डीड पंजीकृत दिनांक 10.08.1942 वही संख्या 1 पुस्तक संख्या 1015 पृष्ठ संख्या 359 क्रम संख्या 2026 सब रजिस्ट्रार आगरा द्वारा दी आगरा को ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड आगरा बह नरोत्तम लाल गुप्ता वास्तव में गुम हो गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 कार्य दिवस के अंदर शाखा प्रबंधक पंजाब सिंध बैंक स्थित न्यू आगरा, आगरा को अवगत कराएं इसके उपरांत कोई दावा, अधिकार या आपत्ति मान्य नहीं होगी।

शाखा प्रबंधक

# चेन्नई की पिच पर बल्ला भाजेंगी बिग बैश!

शाइन जेकब

दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीगों में एक बिग बैश लीग (बीबीएल) दर्शक खींचने और राजस्व झटकने के लिए अब भारतीय पिच पर बल्लेबाजी करने उतर रहा है। इस साल के शुरू में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) बीबीएल में शामिल टीमों (फ्रैंचाइजी) में हिस्सेदारी बेचने की महत्त्वाकांक्षी योजना को मुकाम तक नहीं पहुंचा पाई थी। मगर अब क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया वैश्विक दर्शकों तक पहुंचने के अपने प्रयासों के तहत दिसंबर में शुरू होने वाले बीबीएल के अगले सत्र के कुछ मैच चेन्नई में आयोजित करने के विकल्पों पर विचार कर रहा है।

बीबीएल देखने दर्शक स्टेडियम तो भारी तादाद में उमड़ते हैं मगर विज्ञापन राजस्व और यहां तक कि वैश्विक दर्शकों, खासकर क्रिकेट के दीवाने देश भारत के क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान खींचने में सफल नहीं हो पाया है। इसे जेहन में रखते हुए बीबीएल अब भारत में एमए चिदंबरम स्टेडियम (जिसे चेपक के नाम से जाना जाता है) में प्रयोग के तौर पर कुछ शुरुआती मैच आयोजित करने की संभावनाओं का पता लगा रहा है।

तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) के सचिव यू भगवानदास राव ने कहा, 'संभावनाओं का पता लगाने के लिए पांच सदस्यीय टीम पहले ही चेन्नई पहुंच चुकी है। बातचीत अभी शुरुआती दौर में है। यह उनके लिए भारतीय दर्शकों को आकर्षित करने का एक अच्छा अवसर होगा और वे चेन्नई में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का एक मैच पहले ही देख चुके हैं।'

सालाना 18.5 अरब डॉलर राजस्व के साथ आईपीएल 20 अरब डॉलर से अधिक के राजस्व वाले नैशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद दुनिया की दूसरी सबसे अमीर खेल लीग माना जाता है। इस आईपीएल सत्र में टेलिविजन और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों की संख्या 1.1 अरब का आंकड़ा पार कर चुकी है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई लीग प्रति मैच केवल 8,07,000 दर्शकों को लुभा पा रहा है। यह प्रति मैच के हिसाब से ऑस्ट्रेलिया की सबसे अधिक देखी जाने वाली घरेलू खेल लीग है।

तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) प्रसन्ना कन्नन ने कहा, 'हमारे पास एक विशाल दर्शक वर्ग और विज्ञापन आधार है। बीबीएल सीजन के दौरान इसी का लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। मेरा मानना है कि परीक्षण के तौर पर वे एक या दो मैच आयोजित करेंगे।'

टीएनपीएल तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) द्वारा संचालित प्रमुख ट्वेंटी 20 क्रिकेट लीग है। कन्नन अब तेलंगाना में इसी तरह की लीग का हिस्सा हैं।

भारत की ओर रुख करने का यह कदम क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रैंचाइजी में हिस्सेदारी बेचकर 40-50 करोड़ डॉलर कमाई करने के प्रयासों के विफल होने के बाद उठाया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और उसके राज्य संघ 2011 में शुरू हुई इस ऑस्ट्रेलियाई घरेलू ट्वेंटी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के सह-मालिक रहे हैं। पिछले साल इस लीग की सभी आठ टीमों को प्रबंधन परामर्श कंपनी बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) ने राष्ट्रीय क्रिकेट निकाय और छह राज्यों को निवेशकों की बढ़ती रुचि का लाभ उठाने का सुझाव दिया गया था।

एक मोटे अनुमान के मुताबिक फॉक्सटेल और चैनल सेवन के साथ बीबीएल के प्रसारण अधिकार 21.5 करोड़ डॉलर सालाना सौदे के तहत दिए गए हैं। दूसरी ओर आईपीएल के मौजूदा 2023-2027 चक्र के प्रसारण और डिजिटल मीडिया अधिकार डिज्नी स्टार और वायकॉम 18 को रिकॉर्ड 6.2 अरब डॉलर में दिए गए हैं।


## आईपीएल पर फैनैटिक स्पोर्ट्स हुरुन इंडिया की 'मोस्ट वैल्यूएबल स्पोर्ट्स टीम्स 2026' रिपोर्ट

# टीमों की हैसियत 15 अरब डॉलर तक

प्राची पिसाल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की चकाचौंध में इसमें शामिल टीमों (फ्रैंचाइजी) की हैसियत भी ऊंची छलांग लगा रही है। फैनैटिक स्पोर्ट्स हुरुन इंडिया की 'मोस्ट वैल्यूएबल स्पोर्ट्स टीम्स 2026' रिपोर्ट की मानें तो आईपीएल में शामिल प्रत्येक फ्रैंचाइजी का औसत मूल्यांकन वर्ष 2032 तक 15 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। वर्ष 2026 में यानी इस साल यह आंकड़ा 1.8 अरब डॉलर आंका गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2008 में आईपीएल की शुरुआत से ही इसकी टीमों का औसत मूल्य लगातार बढ़ता रहा है। वर्ष 2008 में यह 0.1 अरब डॉलर था जो फिलहाल 1.8 अरब डॉलर के स्तर को छू चुका है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आईपीएल फ्रैंचाइजी की हैसियत और फिलहाल दुनिया की सबसे मूल्यवान स्पोर्ट्स लीग नैशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) की फ्रैंचाइजी के बीच मूल्यांकन के मोर्चे पर अंतर काफी कम हो सकता है।

वर्ष 2008 में एनएफएल फ्रैंचाइजी का औसत मूल्य 1 अरब डॉलर था जो 2026 में बढ़कर 7.1 अरब डॉलर हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2032 तक इसके 29.8 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारतीय स्पोर्ट्स लीग में शाहरुख खान परिवार एवं मेहता समूह के स्वामित्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) सबसे मूल्यवान फ्रैंचाइजी के रूप में उभरी है। तीन बार की आईपीएल चैंपियन इस फ्रैंचाइजी का मूल्यांकन वर्ष 2026 में 19,200 करोड़ रुपये से 22,500 करोड़ रुपये के बीच आंका गया है जबकि शुरुआत में इसका मूल्य 300 करोड़ रुपये था।




फिलहाल आईपीएल टीमों का औसत मूल्यांकन 1.8 अरब डॉलर

मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के स्वामित्व वाली मुंबई इंडियंस (एमआई) 18,400 से 21,700 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे स्थान पर रही। पांच बार की आईपीएल चैंपियन इस फ्रैंचाइजी का मूल्य शुरुआत में 448 करोड़ रुपये था। एन श्रीनिवासन परिवार के स्वामित्व वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सन टीवी समूह के स्वामित्व वाली सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं। सीएसके का मूल्य 18,400 से 20,700 करोड़ रुपये है, जबकि एसआरएच का मूल्य 17,500 से 18,400 करोड़ रुपये है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) 16,700 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ पांचवें स्थान पर रही। आईपीएल लीग में शीर्ष व्यक्तिगत कमाई करने वालों में विराट कोहली सबसे आगे हैं। कोहली ने 18 सत्रों में 230.2 करोड़ रुपये की कमाई के साथ आईपीएल में सबसे धांसू कमाई की है। उनके बाद रोहित शर्मा 227.2 करोड़ रुपये और महेंद्र सिंह धोनी 200.3 करोड़ रुपये के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। ये तीनों खिलाड़ी अपने एकल लीग करियर में 2.5 करोड़ डॉलर से अधिक की कमाई कर चुके हैं। वीमेन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में महिला खिलाड़ियों में स्मृति मंधाना 13.7 करोड़ रुपये की कमाई के साथ महिला आईपीएल में सबसे आगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि डब्ल्यूपीएल के महज चार सत्रों में शीर्ष 10 खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से 90 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

रिपोर्ट में भारत में विभिन्न खेलों में विभिन्न टीमों के जरिये समूहों एवं कंपनियों के बढ़ते स्वामित्व का भी जिक्र किया गया है। जीएमआर समूह तीन खेलों और तीन महाद्वीपों में 10 टीमों के साथ सबसे आगे चल रहा है। जेएसडब्ल्यू समूह सात टीमों के साथ दूसरे स्थान पर है और क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी और हॉकी इन चार खेलों में इसकी मौजूदगी है। आरआईएल और शाहरुख खान परिवार एवं मेहता समूह पांच देशों में कई क्रिकेट फ्रैंचाइजी के मालिक हैं। आरपीएसजी ग्रुप और सन टीवी ग्रुप ने क्रमशः दक्षिण अफ्रीका में एसए20 और इंग्लैंड में द हंड्रेड के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने आईपीएल ब्रांड का विस्तार किया है।

इस बीच, अदाणी परिवार और कैप्री स्पोर्ट्स ने खो-खो और महिला क्रिकेट सहित उभरती घरेलू लीगों में अपना कारोबार फैला दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संस्थागत निवेशकों ने भारतीय खेल फ्रैंचाइजी में निवेश के माध्यम से पर्याप्त मुनाफा भी अर्जित किया है। राजस्थान रॉयल्स की बिक्री के बाद लाचलान मर्डोक ने 92.1 गुना रिटर्न (प्रतिफल) हासिल किया जबकि ब्लेंहेम चालकोट (मनोज बदाले) और रेडबर्ड कैपिटल ने क्रमशः 24.3 गुना और 7.8 गुना रिटर्न हासिल किए।




EXTRACT OF STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026

(₹ in lakhs)

| S. No. | Particulars | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-2026 (Audited) | 31-Dec-2025 (Unaudited) | 31-Mar-2025 (Audited) | 31-Mar-2026 (Audited) | 31-Mar-2025 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 21,597.58 | 16,933.08 | 19,941.67 | 69,443.06 | 67,247.47 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (Before tax and Exceptional items) | 953.26 | 446.99 | 328.31 | 1,659.20 | 348.12 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period (Before tax and after Exceptional items) | 836.08 | 471.81 | 355.73 | 1,635.81 | 377.49 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period (After tax and Exceptional items) | 622.15 | 339.28 | 274.73 | 1,242.55 | 284.33 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (After tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 568.08 | 346.13 | 224.96 | 1,209.05 | 311.66 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of ₹ 10/- each) | 1,471.05 | 1,471.05 | 1,465.00 | 1,471.05 | 1,465.00 |
| 7 | Earnings Per Share (of ₹ 10/- each) (For continuing and discontinued operations) | | | | | |
| | 1. Basic (Amount in ₹ ) | 4.24 | 2.31 | 1.88 | 8.46 | 1.95 |
| | 2. Diluted (Amount in ₹ ) | 4.22 | 2.30 | 1.87 | 8.43 | 1.93 |

Notes:

1. Standalone Un-Audited Financial Performance of the Company is as under:

(₹ in lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-2026 (Audited) | 31-Dec-2025 (Unaudited) | 31-Mar-2025 (Audited) | 31-Mar-2026 (Audited) | 31-Mar-2025 (Audited) |
| 1 | Total Income from Operations | 21,389.73 | 16,694.80 | 18,967.98 | 68,616.31 | 66,273.78 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (Before tax and Exceptional items) | 955.27 | 427.99 | 318.93 | 1,630.54 | 338.74 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period (After tax and Exceptional items) | 611.81 | 300.38 | 240.38 | 1,115.75 | 248.03 |
| 4 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (After tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 557.71 | 307.23 | 190.70 | 1,082.22 | 275.45 |

2. The above is an extract of the detailed format of quarterly standalone and consolidated financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the quarterly standalone and consolidated financial results is available on the stock exchange websites. (URL-www.nseindia.com and www.bseindia.com) and also on above mentioned Company's website at https://www.orientbell.com.
3. The above standalone and consolidated financial results have been reviewed by Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in its meeting held on May 19, 2026. The Statutory auditor has expressed an unmodified audit opinion on these standalone and consolidated financial statements.
4. There is no change(s) in accounting policies which have impact on net profit / loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).

For and on behalf of the Board of Directors of Orient Bell Limited
Madhur Daga
Managing Director

Place : New Delhi
Date : May 19, 2026

Orient Bell Limited
CIN: L14101UP1977PLC021546
Registered Office : 8, Industrial Area, Sikandrabad - 203205, Dist. Bulandshahr, U. P.
Corporate Office : Iris House, 16 Business Center, Nangal Raya, New Delhi-110 046
+91-11-47119100 | investor@orientbell.com | www.orientbell.com